# उर्वरक की कमी से नाराज किसान फिर सड़क पर उतरे

## सतना-पन्ना मार्ग बाधित कर किया विरोध प्रदर्शन, मांग के अनुरूप खाद की उपलब्धता का औसत गड़बड़ाया

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 1 सितंबर. उर्वरक की उपलब्धता को लेकर किए जाने वाले दावे उस वक्त थोथे नजर आने लगे जब टोकन नहीं मिलने से नाराज किसानों ने सतना-पन्ना राजमार्ग को बाधित कर विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया. हलांकि प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइस के चलते किसानों ने राजमार्ग छोड़ दिया. लेकिन इसके बावजूद भी टोकन लेने के लिए खासी मारामारी देखने को मिली.**

हर रोज की तरह सोमवार की सुबह भी सतना-पन्ना राजमार्ग पर स्थित कृषि अभियांत्रिकी कार्यालय परिसर में सैकड़ों किसान एकत्रित थे. कार्यालय खुलने पर उर्वरक के लिए किसानों को टोकन बांटा जाने लगा. लेकिन कुछ समय बाद ही उस वक्त गतिरोध पैदा हो गया जब टोकन समाप्त हो जाने की बात कहते हुए किसानों को वहां से लौटाया जाने लगा. यह देख वहां पर मौजूद किसानों के बीच आक्रोश पनपने लगा. किसानों को कहना था कि सोमवार को जिन किसानों को टोकन मिले उन्हें यह जानकारी दी गई कि अगली रैक के सतना पहुंचने पर उर्वरक उपलब्ध कराया जाएगा. वहीं अब टोकन बांटना भी बंद कर दिया गया. देखते ही देखते आक्रोशित किसान मुख्य मार्ग पर पहुंच गए. जहां पर उन्होंने मार्ग को बधित करते हुए विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया. घटना की जानकारी मिलने पर सिविल लाइन थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह परिहार मौके पर पहुंच गए और किसानों को समझाने का प्रयास किया. वहीं घटना की जानकारी मिलते ही सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंच गए. लेकिन पुलिस की समझाइस नाकाम होने के बाद एक बार फिर से एसडीएम रघुराज नगर राहुल सिलाड़िया मौके पर पहुंचे और किसानों के साथ चर्चा शुरु की. एसडीएम से मिले आश्वासन के बाद किसानों ने सड़क छोड़ दी और वापस जाकर लाइन में लग गए. जिसके बाद किसानों को टोकन बांटे जाने की प्रकिया फिर शुरु हुई. एसडीएम कुछ देर तक वहीं खड़े रहे और व्यवस्था की निगरानी के साथ-साथ किसानों को टोकन लेने की प्रकिया समझाते रहे.




### राज्यमंत्री को लौटना पड़ा



उर्वरक की समस्या से परेशान किसान जब सतना-पन्ना राजमार्ग को बाधित कर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे उसी दौरान राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी का काफिला वहां से गुजरा. जाम के बीच राज्यमंत्री का वाहन भी फंस गया. जिसे देखते हुए राज्यमंत्री ने कुछ किसानों को बुलाया और वाहन में बैठे-बैठे ही उनसे चर्चा की. राज्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि एसडीएम द्वारा उनकी समस्या का समाधान कर दिया जाएगा. जिसके बाद किसान वहां से लौट गए. लेकिन सामने रास्ता खुलता न देख राज्यमंत्री को यू-टर्न लेकर वापस लौटना पड़ा. वहीं मार्ग बाधित होने के चलते एंबुलेंस व स्कूली वाहन समेत कई अन्य वाहनों के पहिए थमे रहे.

# पेटी में महिला के शव का मामला गहराया

## पन्द्रह साल पहले हो चुकी है पति की मौत, बच्चे भी बाहर

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 1 सितंबर. मैहर के महाराजा नगर के अंधराटोला इलाके में उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक महिला का शव उसके अपने ही घर में बक्से में बंद पाया गया. महिला पिछले 3 दिन से लापता थी, जिसके चलते उसके भाई द्वारा गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई थी. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर बारीकी से छानबीन की जा रही है.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना मैहर क्षेत्र अंतर्गत महाराजा नगर के अंधराटोला के निवासी संतोष की बहन अनीता चौधरी 40 वर्ष पिछले 3 दिन से लापता थी. अनीता का घर संतोष के घर के सामने ही था, लेकिन उसका दरवाजा बाहर से बंद था. सभी संभावित स्थानों पर तलाश करने के बावजूद भी जब अनीता के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली तो संतोष ने रविवार की सुबह देवीजी चौकी पहुंचकर बहन अनीता की गुमशुदगी की शिकायत की. अपने साले सहित अन्य रिश्तेदारों के साथ बहन को खोजते हुए संतोष एक बार फिर से अनीता के घर पर पहुंचा जहां बाहर से ताला लगा हुआ था. लेकिन इस बार घर के अंदर से तीव्र दुर्गंध आती महसूस हुई. जिसे देखते हुए संतोष ने पड़ोसियों को भी वहां बुला लिया. पड़ोसियों और रिश्तेदारों की मदद से घर का दरवाजा तोड़ दिया गया. अंदर तेज दुर्गंध के साथ एक हरे रंग के बक्से के बाहर रक्त के धब्बे नजर आए. मामले की गंभीरता को देखते हुए फौरन ही घटना की सूचना पुलिस को दी गई. कोतवाली थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच शुरु की. जब बक्से को खोला गया तो उसमें कपड़े में लिपटी हुई अनीता की लाश नजर आई. रविवार रात हो जाने के कारण पुलिस द्वारा कमरे को सील कर दिया गया. वहीं सोमवार की सुबह सतना से डाग स्क्वाड और फोरेंसिक टीम को मौके पर बुला लिया गया. शव लगभग 3 दिन पुराना हो चुका था. घटनास्थल का बारीकी से मुआयना करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया गया. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है. पुलिस के अनुसार घटनास्थल से कुछ मोबाइल नंबर भी मिले हैं. जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है.

### पति की हो चुकी है मौत

पड़ोसियों के अनुसार अनीता के पति का बीमारी के चलते लगभग 15 वर्ष पहले ही निधन हो गया था. अनीता के दो बेटे और एक बेटी हैं. बेटे सूरत में रहकर काम करते हैं. जबकि बेटी राजस्थान में बुआ के साथ रहती है. मृतका आजीविका चलाने के लिए सिंदूर की दुकान चलाती थी. मृतका का घर शासकीय जमीन पर बना हुआ है. जबकि उसके घर के सामने ही उसके छोटे भाई का घर भी स्थित है.

# एंबुलेंस और बाइक की टक्कर में 1 की मौत, तीन घायल

**नवभारत न्यूज**

**सतना 1 सितंबर. मैहर में केजेएस सीमेंट फैक्ट्री के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर हुए सड़क हादसे में जहां बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई. वहीं दूसरी ओर बाइक पर सवार मासूम समेत दो महिलाएं बुरी तरह घायल हो गई. घायलों का उपचार जारी है.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के नागौद क्षेत्र के निवासी जितेंद्र भुजवा की ससुराल मैहर जिले के बेरमा में है. सोमवार को वे अपनी पत्नी पूर्णिमा को लेने के लिए ससुराल पहुंचे थे. दोपहर बाद वे अपनी पत्नी पूर्णिमा साली रेणुका और 10 माह के पुत्र के साथ बाइक पर सवार होकर निकले. ससुराल से निकलने के बाद संतोष अपने परिवार सहित केजेएस सीमेंट फैक्ट्री परिसर में स्थित मंदिर में दर्शन करने चले गए. जहां से बाहर निकलने के बाद शाम के लगभग 5 बजे जैसे ही उनकी बाइक राजमार्ग 30 पर पहुंची वैसे ही एंबुलेंस से टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सीधे एंबुलेंस के अगले हिस्से के नीचे घुस गई. इस घटना के चलते बाइक सवार संतोष जहां एंबुलेंस की चपेट में आ गए. वहीं पत्नी साली और बेटा छिटककर दूर जा गिरे. स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई. आनन-फानन में सभी को उपचार के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया गया. जहां पर जांच करने पर संतोष को मृत घोषित कर दिया गया. जबकि तीनों घायलों को भर्ती कर उपचार शुरु किया गया.

### शव लेकर उप्र जा रहा था

बताया गया कि घायलों को गंभीर चोटें आई हैं. वहीं एंबुलेंस चालक बबलू ने पुलिस को बताया कि वह एक शव को मुंबई से लेकर उप्र के रायबरेली की ओर जा रहा था. केजेएस सीमेंट फैक्ट्री के पास बाइक के अचानक सामने आ जाने के कारण हादसा हो गया. पुलिस द्वारा जांच की जा रही है.

# पोड़ी पंचायत में भ्रष्टाचार की जांच के लिए नागौद विधायक ने कलेक्टर को लिखा पत्र

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 1 सितम्बर. जिले के वरिष्ठ विधायक पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद नागेन्द्र सिंह ने कलेक्टर को पत्र लिखकर उचेहरा जनपद की पोड़ी पंचायत में हो रही अनियमितताओं की जांच की मांग है.**

श्री सिंह ने पत्र में बताया है कि अनिमितताओं की जांच के लिए ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन की मांग की लेकिन कभी उसको गंभीरता से नहीं लिया गया. जिन बिन्दुओं की ओर जांच के लिए कहा गया है उनमें 2011 से 2016 तक इंदिरा आवास, मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया था बाद में इन्हीं हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास का भी लाभ दे दिया गया है जो नियम विरुद्ध है. उन्होंने चार ऐसे हितग्राही भी बताये हैं जिन्हें प्रधानमंत्री आवास की पूर्ण



राशि आवंटित कर दिया गया है. जबकि मौके पर वर्तमान में भी उनके आवास पंचायत सीमा के अंदर नहीं हैं. श्री सिंह ने पत्र के अंतिम बिन्दु में ग्राम पंचायत पोड़ी में 2016 से लगभग 509 प्रधानमंत्री आवास बनाए गए हैं जिनमें काम करने वाले श्रमिकों को उनकी मजदूरी आज तक उनके खातों में स्थानांतरित नहीं की गई है इसके एवज में दूसरे खातों में मजदूरी की रकम डाल कर खानापूर्ति कर दी गई है.

# आरएमओ और सहायक प्रबंधक करेंगे जांच

## वार्ड आया द्वारा अवैध वसूली और चप्पल लेकर दौड़ाने का मामला

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 1 सितम्बर. जिला चिकित्सालय के वार्ड 4 में पदस्थ वार्ड आया द्वारा प्रसूता के परिजन से दो हजार रु मांगने और न देने पर चप्पल लेकर मारने दौड़ने के मामले को संज्ञान में लेते हुए सिविल सर्जन डॉ मनोज शुक्ला द्वारा दो सदस्यीय जांच समिति गठित कर दी है।**

जारी आदेश के अनुसार रविवार को नगर के सोशल मीडिया ग्रुप में वीडियो क्लिप के साथ जिला चिकित्सालय सतना की एक खबर चल रही थी, जिसमें पोस्ट ऑपरेटिव मेटरनिटी वार्ड क्र. 4 में कार्यरत रोगी कल्याण समिति महिला कार्यकर्ता (वार्ड आया) श्रीमती सत्तन कुशवाहा द्वारा मरीज के परिजनों से अवैध रूप से राशि की मांग किये जाने के सबंध में आरोपों के बीच वीडियो बनाने वालें की ओर चप्पल लेकर मारने की नीयत से दौड़ने की घटना प्रदर्शित हो रही है। उक्त समाचार की जांच हेतु टीम गठित की जाती है।2 दिवस के भीतर समाचार के संबंध में जांच कर अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करें, जिससे प्रकरण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जा सके। जांच टीम में डॉ. शरद दुबे, आर.एम.ओ. जिला चिकित्सालय, और डॉ. धीरेन्द्र वर्मा, सहायक अस्पताल प्रबंधक, जिला चिकित्सालय सतना को सम्मिलित किया गया है।

### डॉ. बीना सरकार को सेवा से पृथक करने प्रस्ताव प्रेषित

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस और जिला स्तरीय अधिकारियों के ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जसो में पदस्थ चिकित्सक डॉ. बीना सरकार को अनाधिकृत रूप से विगत 6 माह से अनुपस्थित रहने पर सेवा से पृथक करने का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये गये थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जसो की चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीना सरकार की कर्तव्य पर अनाधिकृत रूप से 6 माह से अनुपस्थिति की पुष्टि के बाद सेवा समाप्ति का प्रस्ताव भेज दिया है।

# भाजपा महिला मोर्चा ने अर्थी निकाल किया कार्यालय का घेराव

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 1 सितम्बर. जिला भाजपा महिला मोर्चा के तत्वावधान में जिला मुख्यालय पर सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा ने अर्थी और कांग्रेस के खिलाफ रैली निकाल कर रूई मंडी स्टेशन रोड में एकत्रीकरण कर नारे लगाते हुए पन्नीलाल चौक चौक बाजार बिहारी चौक जय स्तम्भ चौक में कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया व नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका।**



पिछले दिनों कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री की माताजी पर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर यह रैली निकाली गई। सोमवार को दोपहर 3 बजे स्थानीय स्टेशन रोड पार्किंग से रैली निकाली गई जय स्तम्भ चौक पहुँची जहां कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया तथा राहुल गांधी के पुतले का दहन किया गया। रैली में महिलाओं द्वारा हाथों माँ तेरे सम्मान में सतना जिले की बेटियां मैदान में, महिलाओं का अपमान नही सहेगा हिन्दुस्तान, हाथ मे संविधान मुंह मे गाली आदि नारे लिखी पट्टिकाएं लेकर चल रही थी वही पुरुष भाजपा का झंडा लिए रैली में शामिल थे। कांग्रेस कार्यालय के सामने महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीमा सिंह यादव ने सम्बोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस की नियति बन गई है।

इस अवसर पर जिले के लोकप्रिय प्रतिमा बागरी ने कहा कि महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस की संस्कृति व परम्परा है। भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं उनके कार्यकर्ताओं अभद्र टिप्पणी उचित नहीं है. सांसद गणेश सिंह ने धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी और उनके नेता लगातार चुनावी हार के कारण विक्षिप्त हो गए हैं।

# घर के अंदर फंदे पर लटकी मिली वृद्धा

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 1 सितम्बर. मैहर के हरनामपुर क्षेत्र में सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक वृद्ध महिला घर के अंदर फंदे पर लटकी मिली। प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का नजर आया। पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार मैहर के हरनामपुर में किराए के कमरे में रहने वाली 65 वर्षीय कस्तूरी साकेत ने आत्महत्या कर ली। उनका शव कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिला। कस्तूरी साकेत, सतीश साकेत के घर में किराए के कमरे में अकेली रहती थीं। सोमवार सुबह कमरे का दरवाजा बंद था। अंदर से कोई जवाब नहीं आया। इस पर आसपास के लोगों ने मैहर थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरे का दरवाजा खोला।


महिला का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मैहर सिविल अस्पताल भेज दिया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, कस्तूरी के पति की मौत के बाद वह अकेली रहती थीं। पिछले कुछ दिनों से वह घर से बाहर नहीं निकल रही थीं। खाना-पीना भी बंद कर दिया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक नजर में




### भावपूर्ण रिश्तों के सेतु होते हैं पत्र : मनमोहन

**सतना।** आज विश्व पत्रलेखन दिवस के अवसर पर दुर्लभ प्राचीन पत्र डाकटिकट नोट सिक्के संग्रहकर्ता मनमोहन माहेश्वरी ने चिन्मय विद्यालय में आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को आज के दिवस का महत्व और संदर्भ समझाते हुए बताया कि ये पत्र हमारे भावनाओं की धरोहर हैं। पत्र हमारे भावपूर्ण रिश्तों के सेतु होते हैं। उन्होंने विद्यालय के बच्चों से अपने निजी सम्बन्धों पर आधारित पत्र लेखन भी करवाया। प्राचार्य अमरनाथ अवस्थी ने बताया कि बच्चों ने बहुत उत्साह से अपने परिवार के सदस्यों माँ पिताजी दादा दादी नाना नानी मित्र बुआ मौसी दोस्तों कक्का जी आदि रिश्तों को बहुत ही रुचिकर और भावुक पत्र लिखे।





### सीपीआर कार्यक्रम में दी गईं जीवन रक्षक जानकारियां


**सतना।** इकतीस अगस्त को रोटरी क्लब सतना के सहयोग से शहर के सार्थक हॉस्पिटल में कार्यक्रम *सी. पी. आर. (जीवन रक्षक कार्यक्रम )आयोजित किया गया जिसमें चिकित्सकों द्वारा प्रैक्टिकल के माध्यम से बताया कि हार्ट अटैक आने पर हम एक प्राथमिक क्रिया द्वारा किसी का जीवन कैसे बचा सकते हैं। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ सुनील अग्रवाल,डॉ वी के गांधी, डॉ रश्मि अग्रवाल,इनरव्हील क्लब के डायरेक्टर रविशंकर गौरी,इनरव्हील प्रेसिडेंट सुनीता गुप्ता, पूर्व प्रेसिडेंट संध्या गांधी, नीता अग्रवाल, प्रतिमा अग्रवाल ,सविता अग्रवाल,उमा मिश्रा,सेकेट्री पूर्णिमा गर्ग ,सविता गोयल,सारिका गौतम आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी क्लब एडिटर ममता श्रवण अग्रवाल ने दी.

### एकेएस के डॉ. मुखर्जी बतौर की नोट स्पीकर हुए शामिल

**सतना।** इंडोनेशिया, दक्षिण-पूर्वी सुलावेसी की राजधानी केन्दारी में शनिवार को आयोजित अंतरराष्ट्रीय युवा सम्मेलन ने वैश्विक स्तर पर उद्यमिता और स्टार्ट-अप्स को संयुक्त राष्ट्र के 17 सतत विकास लक्ष्यों से जोड़ने का सशक्त संदेश दिया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. कौशिक मुखर्जी ने अपने की-नोट एड्रेस में कहा कि युवाओं के लिए स्टार्ट-अप्स सिर्फ आर्थिक अवसर नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी हैं।



यदि इनका आधार सतत विकास लक्ष्य होंगे, तो आने वाले वर्षों में उद्यमिता दुनिया की चुनौतियों का समाधान बन सकती है।प्रतिभागियों के विचार सुनें तो मलेशिया के प्रतिनिधि डॉ. नूर अमीना ने कहा कि हमारे देशों के युवा स्टार्ट-अप संस्कृति के माध्यम से सीमा-पार सहयोग कर सकते हैं। तकनीकी नवाचार और हरित ऊर्जा इस सहयोग का मुख्य आधार होना चाहिए।




# श्री रामा कृष्णा कॉलेज मे 15 दिवसीय जावा प्रोग्रामिंग कार्यशाला हुई

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 1 सितम्बर. महाविद्यालय में 15 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 18 अगस्त से प्रारंभ होकर 30 अगस्त को सम्पन्न हुई। जिसमें कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं ए.आई. ब्रांच के 60 छात्र/छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी।**

इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को जावा की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग प्रदान करना था। जिसमे छात्रों को जावा की बेसिक ट्रेनिंग के साथ प्रैक्टिकल एवं छोटे-छोटे लाइव ऑन प्रोजेक्ट्स का अभ्यास कराया गया। इस कार्यशाला को सम्पन्न कराने के लिए संस्था ने एम.एस.एम.ई., इंदौर से सुनील वर्मा के द्वारा अनुबंध करके पूर्ण कराया गया है।

उपरोक्त कार्यशाला को पूर्ण करने में ट्रेंनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के साथ कंप्यूटर साइंस विभाग का विशेष योगदान रहा है। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन शम्मी पुरी, रामा कृष्णा ग्रुप डायरेक्टर शाश्वत पुरी, टेक्निकल विंग डायरेक्टर डॉ. अग्निवेश अग्निहोत्री, एकेडमिक डायरेक्टर सुश्री शुभी खरे, फर्स्ट ईयर डीन अभय मिश्रा, हायर सेमेस्टर डीन दीपेश निगम, फार्मेसी डीन डॉ. अमित पाण्डेय, समस्त विभागाध्यक्ष, एवं स्टाफ मेंबर्स मौजूद रहे।

# 2 आशा कार्यकर्ता की सेवा समाप्त

**सतना , 1 सितंबर** जिला चिकित्सालय सतना से मरीज को प्राइवेट अस्पताल में ले जाने के लिए प्रेरित करने पर मैहर विकासखण्ड की सोहौला की चिन्हित आशा कार्यकर्ता श्रीमती तुलसा रजक और रामपुर बघेलान विकासखण्ड की चिन्हित आशा कार्यकर्ता श्रीमती देवमती साकेत द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीज को ब्लड बैंक से ब्लड दिलाने के ऐवज में 4000 रूपये की मांग करने पर संबंधित कार्यकर्ताओं की सेवा समाप्त कर दी है।

# भारत पेंशनर्स समाज सतना की शाखाओं के निर्वाचन

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 1 सितम्बर. भारत पेंशनर्स समाज जिला सतना की सभी शाखाओ के आगामी 3 वर्षीय कार्यकाल हेतु निर्वाचन संपन्न हो गए हैं।**

जिला निर्वाचन अधिकारी प्रोफेसर (इंजीनियर) आर. के. श्रीवास्तव एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी सुंदरलाल गर्ग के संयुक्त हस्ताक्षर से निर्वाचित अध्यक्षों की सूची जारी कर दी गई है, जिसमें सर्वश्री इंजीनियर के. एल. रूसिया अध्यक्ष सतना नगर, शिव लखन वर्मा अध्यक्ष सतना पूर्वी,



भरत कुमार दुबे अध्यक्ष सतना दक्षिणी, सुखेंद्र बहादुर सिंह अध्यक्ष सतना ग्रामीण, सौखी लाल बुनकर अध्यक्ष सोहावल, चंद्रिका प्रसाद त्रिपाठी अध्यक्ष रघुराज नगर ,सुदामा सिंह अध्यक्ष नागौद, मोहनलाल वर्मा अध्यक्ष सिंहपुर, लक्ष्मण प्रसाद प्रजापति अध्यक्ष उचेहरा, अवधेश कुमार सिंह अध्यक्ष उचेहरा पश्चिमी, राम लखन शर्मा अध्यक्ष उत्तरी पूर्वी, सुरेश प्रसाद मिश्रा आदि शामिल रहे.

# पीडब्ल्यूडी के तीन एसडीओ का एक सप्ताह का वेतन काटा

**नवभारत न्यूज**

**सतना 01 सितंबर. कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सोमवार को समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कहा कि सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों में फोकस कर संतुष्टिपूर्ण निराकरण का प्रतिशत बढाये।**

उन्होंने लोक निर्माण विभाग के डी श्रेणी में रहने और एसडीओ सतना, मझगवां तथा नागौद द्वारा एक भी शिकायत बंद नहीं कराये जाने पर एक-एक हफ्ते की वेतन काटने के निर्देश



दिये। संतुष्टिपूर्ण निराकरण में राजस्व विभाग के सबसे कमजोर तहसील उचेहरा, कोटर और कोठी के तहसीलदार को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि संतुष्टिपूर्ण शिकायतों का प्रतिशत अच्छा रहने से जिले की ग्रेडिंग बढती है। आवेदकों से बातचीत करें और उन्हें निराकरण के संबंध में जानकारी दें तो संतुष्टिपूर्ण निराकरण का प्रतिशत बढेगा। 50 दिवस से ऊपर की शिकायतों को व्यक्तिगत रूप से देखें और जानने का प्रयास करें कि लंबित क्यू है। कलेक्टर ने सी और डी श्रेणी में रहे विभागों की जानकारी ली। बताया गया कि राजस्व, जल संसाधन, चिकित्सा-शिक्षा सी श्रेणी में और लोक निर्माण डी श्रेणी में रहा है। लोक निर्माण विभाग के एल वन अधिकारी एसडीओ सतना बृजेश सिंह, मझगवां एमके त्रिपाठी और नागौद अश्विनी कुमार निगम द्वारा कोई रूचि नहीं लेने पर एक-एक सप्ताह का वेतन काटने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने कहा कि पिछली बार जो विभाग ए और बी श्रेणी में रहे हैं वे अपने स्टेटस को कायम रखते हुए और बेहतर प्रदर्शन करें। सी और डी श्रेणी के विभाग ए और बी में आने का प्रयास करें।